बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक : योoस्थाo4 / 1–01 / 2025 / योoविo,पटना, दिनांक जनवरी, 2026

प्रेषक,

रविश किशोर,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

श्रीमती शालिनी कुमारी,
सहायक निदेशक,
बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना

विषय : **स्पष्टीकरण समर्पित करने के संबंध में।**

महाशया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विदेश यात्रा हेतु अनुमति संबंधित आपका अभ्यावेदन आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई हेतु बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना के पत्रांक–17 दिनांक–06.01.2026 द्वारा विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना के उक्त पत्र एवं आपके अभ्यावेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि दिनांक–17.12.2025 से 24.12.2025 तक विदेश भ्रमण (बाली, इंडोनेशिया) हेतु दिनांक–11.10.2025 को टिकट की बुकिंग की गई थी एवं दो महिने के बाद दिनांक–12.12.2025 को यानी विदेश प्रस्थान के दो कार्य दिवस के पूर्व विभागीय अनुमति प्राप्ति हेतु अभ्यावेदन आपके द्वारा बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना को समर्पित किया गया है। विदेश से वापस आने के पश्चात् दिनांक–26.12.2025 के अपराह्न में आपके द्वारा अपने पदस्थापित कार्यालय में योगदान समर्पित किया गया है।

उक्त स्थिति से स्पष्ट है कि आपकी बाली, इंडोनेशिया की यात्रा पूर्व निर्धारित थी। फिर भी आपके द्वारा विभागीय अनुमति की प्राप्ति हेतु अंतिम समय में अभ्यावेदन समर्पित किया गया। **विदेश प्रस्थान के पूर्व आपको इस निमित्त विभाग स्तर से अनुमति प्राप्त नहीं थी इसके बावजूद आपके द्वारा विदेश यात्रा की गई जो आपकी स्वेच्छाचारिता एवं अत्यंत गंभीर अनुशासनहीनता का द्योतक है।**

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में पत्र प्राप्ति के 07 कार्य दिवस के अंदर अपना स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित करना सुनिश्चित करें कि इस संबंध में क्यों नहीं आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाय। अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि आपको इस संबंध में कोई तथ्य प्रस्तुत नहीं करना है। ततपश्चात, विभाग नियमानुसार आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई हेतु स्वतंत्र होगा।

विश्वासभाजन
हo / –
(रविश किशोर)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था04 / 1—01 / 2025 / यो0वि0,पटना, दिनांक जनवरी, 2026

प्रतिलिपि : संयुक्त सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना के पत्रांक—17 दिनांक—06.01.2026 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि श्रीमती शालिनी कुमारी, सहायक निदेशक, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना को पत्र का तामिला अपने स्तर से भी कराने की कृपा की जाय।

ह0 / —

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः यो0स्था04 / 1—01 / 2025 - 397 / यो0वि0,पटना, दिनांक 22 जनवरी, 2026

प्रतिलिपि : आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22.1.26

सरकार के संयुक्त सचिव